## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिन : डॉ संजय कुमार सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजी : डॉ अजीत कुमार कुशवाहा
- ऑर्थोपेडिक : डॉ विनय प्रभात
- कार्डियोलॉजी : डॉ प्रशांत कुमार
- टीबी एवं चेस्ट : डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्र : डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनी : डॉ मीणा मेहता
- ईएनटी : डॉ संदीप कुमार
- रेडिएशन ऑकोलॉजी : डॉ अनूप कुमार
- सीटीवीएस : डॉ अंशुल कुमार
- नेफ्रोलॉजी : डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्री : डॉ अजय बाखला
- पीडियेट्रिक सर्जरी : डॉ अभिषेक रंजन

## सदर ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिन : डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अरुणोदय और डॉ सत्येंद्र
- ऑब्स एंड गायनी : डॉ किरण चंदेल, डॉ अनुवी
- पीडियाट्रिक : डॉ मृत्युंजय
- हेमाटोलॉजी : डॉ अभिषेक रंजन
- पीडियेट्रिक सर्जरी : डॉ जैनेंद्र कुमार
- कार्डियोलॉजी : डॉ राकेश झा
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी : डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजी : डॉ नवीन कुमार बर्णवाल

## शहर में आज

1. सीपीआई की प्रेस वार्ता अल्बर्ट एक्का चौक स्थित सीपीआई कार्यालय में दिन के 11 बजे
2. अपहृत छात्र फैजान सही सलामत वापस आने पर बरियातु थाना प्रभारी व सह कर्मियों को मुस्लिम करेगा सम्मानित, थाना परिसर में दोपहर 3 बजे

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### राज्यपाल से मिले प्रशिक्षु आईएफएस

**रांची।** भारतीय वन सेवा (आइएफएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की. राज्यपाल ने उनसे बातचीत करने के साथ ही साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### मंत्री हफीजुल से मिला जेएमएम प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से रांची जिला झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मिला. मोर्चा के जिला अध्यक्ष फरीद खान ने खुद के मनोनयन पर पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया.

### 12 तक सभी विभाग बजट का प्राक्लकन दें

**रांची।** वित्त विभाग ने सभी विभागों के एचओडी को पत्र लिख कर कहा है कि सभी विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट प्राक्कलन और सीओबीटी तैयार कर 12 जनवरी तक अपलोड करें. इससे पहले अपलोड करने की तिथि 15 दिसंबर 2023 रखी गयी थी. प्राक्कलन में सामान्य बजट के तहत राज्य सरकार की योजना, केंद्र प्रायोजित योजना, केंद्रीय सेक्टर योजना, सेंट्रल फंडिंग और बाह्य सहायता प्राप्त योजनाओं का पूरा विवरण अपलोड करने को कहा गया है.

---

### विद्यार्थियों को मिल रही निःशुल्क लाइब्रेरी व रीडिंग रूम की सुविधा, आईबीपीएस साक्षात्कार के लिए चलेगा विशेष बैच

# अवसर : 19 और 22 जनवरी को एनआईबीएम में शुरू होगा नया बैच

**संवाददाता। रांची**




प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एनआईबीएम में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन और सुनियोजित पढ़ाई की नई तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे रहे हैं. वर्ष 2021-22 में बैंकिंग में कई विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाइन भी कर चुके हैं. वहीं रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में इनकम टैक्स ऑफिसर, सीबीआई तथा कई सेंट्रल तथा स्टेट लेबल के कार्यालय में कार्यरत हैं.

संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां के शिक्षकगण पिछले 25 वर्षों से अधिक के अनुभवी हैं तथा निदेशक खुद मैथ एवं रिजनिंग की क्लास लेते हैं. यहां बेहतर तथा हजारों पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित एक बड़ी लाईब्रेरी है, जहां विद्यार्थी ग्रुप बनाकर पढ़ते हैं. संस्थान में नई पैर्टन पर ऑनलाइन टेस्ट के लिए कम्प्यूटर लैब है, जहां ट्रेनर विद्यार्थियों को अच्छी तथा सही गाइडलाइन देते हैं. प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है तथा तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से तथा विशेषज्ञों द्वारा कैरियर काउंसिलिंग तथा मोटिवेट करवाया जाता है. इससे विद्यार्थी मात्र 6 से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं. एनआईबीएम में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल से विद्यार्थी आकर पढ़ते हैं.

अभी बैंक, एसएससी, आरएलवाई में हजारों रिक्तियां आई हुई हैं और आने वाली भी हैं. इसके लिए हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम में नई बैच 19 तथा 22 जनवरी से प्रारंभ की जा रही है. विशेष जानकारी के लिए संस्थान के 9334726278 तथा 8825250625 पर संपर्क किया जा सकता है. अभी विद्यार्थियों को निःशुल्क लाइब्रेरी एवं रिडिंग रूम की सुविधा दी जा रही है.

## शुरू होगा सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम

**रांची।** स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित पहल 'सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले. परिणाम को देखते हुए बुधवार को राज्य के सभी जिलों में सोशल मीडिया कैंपेन लॉन्च किया गया है.

इस कैंपेन के तहत स्कूल आते हुए बच्चों की सीटी बजाती हुई तस्वीर या वीडियो '# सीटी बजाओ' को टैग करते हुए पोस्ट किया जाएगा. इस अभियान में राज्य के प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधनसेवी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक भाग लेंगे. इस अभियान में भाग लेने के लिए समाज के प्रबुद्धजन, मुखिया, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा.

इसके साथ इस अभियान में सरस्वती वाहिनी के सदस्य और माता समिति के सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा. रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोशल मीडिया महाअभियान को देखते हुए स्कूलों को पर्याप्त सीटी रखने का निर्देश दिया है. जिन विद्यालयों ने अबतक सीटी का क्रय नहीं किया है, उन्हें तत्काल क्रय करने का निर्देश दिया गया है. महाअभियान की सफलता के लिए जिला, ब्लॉक और संकुल स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है. जिलास्तर पर एडीपीओ, ब्लॉक स्तर पर बीपीओ और संकुल स्तर पर सीआरपी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है. इस कार्यक्रम को प्रयास, एसएमसी, रुआर और पीटीएम से भी जोड़ा जाएगा.

---

### हिंदी रत्न सम्मान समारोह 2024 में बोले सांसद संजय सेठ

# मां अपने आप में सृष्टि

**संवाददाता। रांची**



सांसद संजय सेठ ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस आने वाले वर्षों में और भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा. मेरा मकसद है कि अपनी मात्री भाषा तेजी से बढ़े. यह हमारा सौभाग्य है कि हमारा जन्म भारत देश में हुआ और मैं हिंदुस्तानी हूं. हिंदी का शब्द मां तो अपने आप में सृष्टि है, और अंग्रेजी शब्द मम्मी अलग है. उन्होंने कहा कि जिस समाज ने अपनी भाषा, खान पान को छोड़ दिया तो ना वह देश तरक्की कर सकता है ना ही वह समाज आगे बढ़ सकता है. यहां आज भी 99 फीसदी लोग अंग्रेजी से हस्ताक्षर करते हैं. इस आदत को बदले, आप सभी हिंदी में हस्ताक्षर करें, बैंक समेत सारे फॉर्म हिंदी में ही भरे. हिंदी तो बहुत प्यारी भाषा है. वह बुधवार को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी रत्न सम्मान समारोह 2024 में बतौर मुख्य वक्ता अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे. इसका आयोजन चैंबर भवन में किया गया था.

मौके पर रामधारी सिंह दिनकर के पौत्र डॉ. अरविंद कुमार दिनकर, कवि हिमकर श्याम, डॉ. राजश्री, जयंती, विणा श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, सुरेंद्र कौर नीलम, रशिम शर्मा, रंजना वर्मा, सीमा तिवारी, अशोक परमाणिक, संजय कुमार समेत 100 से अधिक साहित्कार, लेखक, रचनाकार, कवित्री, रंग कर्मी, नाट्य कर्मियों को अतिथियों ने सम्मानित किया. मौके पर सभी ने अपने अपने गीत, दोहे, छंद को प्रस्तुत किया. जिसे सभी ने सराहा. संचालन डॉ. कमल कुमार बोस ने किया. मौके पर डॉ. जंगबहादुर, डॉ. अजय मलखानी आदि शामिल थे.

**22 को सभी अपने घरों में जलाएं दीप :** सांसद संजय सेठ ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा स्थापित की जा रही है. यह सुनहरा समारोह सबकुछ हमारे सामने होने वाला है. यह सोच कर रोम-रोम खुश हो जाता है. सांसद ने सभी से आग्रह किया कि 22 जनवरी के दिन सभी अपने घरों में दीप जलाएं. उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेनानंद की जयंती है. इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय में समारोह का आयोजन किया जा रहा है.

### दुनिया में सबसे अधिक बोलने वाली भाषा हिंदी है : डॉ अजीत

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्व स्तर पर हिंदी को बढ़ाना है. जो हमारे बंधु देश से बाहर फ्रांस, इटली, अमेरिका, यूएस अन्य बाहर देशों में हैं, उन्हें बढ़ावा दें. हिंदी वैज्ञानिक भाषा है. दुनिया में सबसे अधिक बोलने वाली भाषा हिंदी है. अंग्रेजी को हटा कर हिंदी को लाने में 50 वर्ष लगे. हिंदी सरल व लोकप्रिय भाषा है.

### अपने सामर्थ्य से आगे बढ़ रही हिंदी : बैजनाथ मिश्र

पूर्व सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र ने कहा कि हिंदी अपने सामर्थ से आगे बढ़ रही है. हिंदी बाजार की भाषा है. हिंदी को कितना भी धिक्कारें, वह बढ़ेगी ही. हिंदी के दुश्मन हमारे बीच में ही हैं. उन्होंने कहा कि जिस भाषा में दूसरे भाषा को पचाने की शक्ति नहीं, वह मर जाएगी. मगर हिंदी दूसरे भाषा को भी अपने में सरलता से सम्मिलित कर लेती है, यही तो हिंदी की खूबी है. आप जितनी भाषा जाने अच्छा है, जानिये, भाषा का कोई झगड़ा नहीं है. झगड़ा तो नेताओं का है जनाब. दक्षिण के अभिनेता-अभिनेत्री हिंदी जगत में नहीं आए, तो उन्हें जानेगा कौन, शोहरत कहां से मिलेगी. उनका उत्थान तो हिंदी जगतक की ही देन है ना. मेरा अनुरोध है कि आप सभी लोग अपने हस्ताक्षर हिंदी से करना शुरू करें.

### संस्कृत महारानी है : डॉ. जयप्रकाश पांडेय

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के हिंदी विभाग और हिंदी साहित्य परिषद ने विश्व हिंदी दिवस पर बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया. विभागाध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व है. उन्होंने डॉ. फादर कामिल बुल्के की पंक्तियों को दोहराते हुए कहा कि संस्कृत महारानी है, हिंदी बहुरानी है और अंग्रेजी नौकरानी.



आगे कहा कि हिंदी भाषा जिह्वा के समान है. जिह्वा हमेशा दांतों से घिरी रहती है, किंतु निर्भय होकर अपना अस्तित्व बचाए रखती है. प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार भाटिया ने कहा कि हिंदी को तराशना और शुद्ध उच्चारण व लेखन करना, हम सबकी जिम्मेदारी है. प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार ने भाषा की वैज्ञानिकता और वैश्विक स्तर पर इसके उपयोग के संबंध में जानकारी दी. सहायक प्राध्यापिका कोमल खलखो ने हिंदी की उपयोगिता बताते हुए उसके विस्तार पर जोर दिया. उन्होंने आगे कहा कि हिंदी हमारी प्रतिष्ठा और मान-सम्मान की भाषा है.

---

## सेल रांची ने किया आश्रय फाउंडेशन के साथ एमओयू

**रांची।** सेल रांची ने बुधवार को आश्रय फाउंडेशन, चतरा के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया. इस एमओयू के तहत सेल रांची अपने सीएसआर गतिविधियों के सौजन्य से आश्रय फाउंडेशन द्वारा चतरा जिले के प्रतापपुर ब्लॉक में मोबाइल मेडिकल यूनिट चला कर निवासियों को स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं प्रदान की जाएगी. मौके पर सेल रांची की ओर से एस परिडा, सीजीएम आरके सिन्हा, सीजीएम उज्ज्वल भास्कर, जीएम (संचार प्रमुख), एस भारती, जीएम केएस साहा, जीएम एसटी सेल्वम, जीएम राहुल श्रीवास्तव, प्रबंधक, सीएसआर नोडल अधिकारी एवं ए तिवारी प्रबंधक (संचार) शामिल थे. वहीं, आश्रय फाउंडेशन की ओर से निकुंज व्यास, परियोजना समन्वयक एवं अमरनाथ गुप्ता शामिल थे.

## उद्यमिता को बढ़ावा दें, उद्यानिकी में होगी बढ़ोतरी : नवीन पाटले

**संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य में उद्यानिकी की संभावनाओं के आकलन के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अपर आयुक्त नवीन कुमार पाटले की अध्यक्षता में गठित समिति 12 जनवरी तक रांची व समीपवर्ती जिलों का भ्रमण कर अध्ययन कर रही है. बुधवार को कांके रोड के उद्यान निदेशालय के सभाकक्ष में उद्यान निदेशक सूरज कुमार सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी के साथ बैठक की. निदेशक एवं अपर आयुक्त की बैठक में पीपीटी द्वारा झारखंड में उद्यानिकी की वर्तमान स्थिति, संभावना एवं चुनौतियों पर चर्चा हुई. अपर आयुक्त ने कहा कि उद्यमिता को बढ़ावा देने से उद्यानिकी में शीघ्र बढ़ोतरी होगी.

**रांची जिले में उद्यानिकी की अपार संभावनाएं :** जिला समाहरणालय में हुई बैठक में उपायुक्त ने बताया कि रांची जिले में उद्यानिकी की अपार संभावनाएं हैं. उद्यान उत्पादों के संग्रहण, प्रसंकरण, विपणन, मूल्य संवर्धन एवं आपूर्ति चेन के लिए समेकित कार्य योजना की जरूरत है. इसके लिए क्लस्टर आधारित रणनीति श्रेयस्कर रहेगी. प्रथम चरण में प्रति प्रखंड एक क्लस्टर बनाया जाए. फूड प्रोसेसिंग ईकाई की स्थापना जरूरी है. केंद्र सरकार के दल ने बताया कि एमआईडीएच व एचएचबी के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए तकनीकी व वितीय सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है.

## स्रोत पृथक्करण को बढ़ावा देने की जरूरत : उप प्रशासक

**संवाददाता। रांची**



रांची नगर निगम कार्यालय में बुधवार को उप प्रशासक रजनीश कुमार की अध्यक्षता में निगम की स्वच्छता टीम के पदाधिकारियों, जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मियों की बैठक हुई. उप प्रशासक ने कहा कि गार्बेज फ्री रांची के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर वॉर्ड को कूड़ा मुक्त बनाना होगा.

इसके लिए सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि आम लोग कूड़ा यत्र-तत्र न फेंके. इसके साथ ही आम नागरिकों को स्त्रोत पृथक्करण यथा कूड़ा अलग-अलग रखने हेतु प्रेरित किया जाए. उन्होंने कहा कि आम लोगों के सहयोग के बिना स्रोत पृथक्करण हेतु निगम द्वारा तैयार बीट प्लान पूरी तरह फ्लॉप हो सकता है. इसलिए यह सुनिश्चित करें कि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण करते समय ही लोगों को इसके महत्व के बारे जानकारी दें. उन्होंने यह भी कहा कि झिरी में गेल इंडिया द्वारा दो चरणों में 150 मिट्रिक टन/ प्रतिदिन क्षमता का बायोकंपोस्ट प्लांट लग रहा है. इसके लिए प्रतिदिन लगभग 300 टन गीला कचड़ा उपलब्ध कराने की जरूरत होगी. इसलिए अभी से रांची शहर में ही स्रोत पृथक्करण को बढ़ावा देने की जरूरत है.

## व्यापार संगठन सदस्यों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

**रांची।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बुधवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिला. प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि उनका संगठन राज्य के व्यापारियों, उद्यमियों, प्रोफेशनल्स और सर्विस प्रोवाइडर्स के कल्याणार्थ कार्य कर रहा है. झारखंड में व्यापारियों व उनके समुदाय से जुड़ी अनेक समस्याएं हैं, जिससे दिन प्रतिदिन व्यापारी जूझ रहे हैं. समस्याओं से राहत के लिए यह मांग की गयी है. प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह, लॉ एंड ऑर्डर कमेटी के को-चेयरमैन हरीश नागपाल, कार्यकारिणी सदस्य संगीता अग्रवाल शामिल थे.

---

## ग्रामीणों की आजीविका को मजबूत कर रहा एचडीएफसी

**संवाददाता। रांची**

HDFC BANK
We understand your world

**अच्छी पहल**

- रामगढ़ में शुरू किया समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम
- 2716 घरों के 12000 लोगों को किया जाएगा लाभान्वित

एचडीएफसी बैंक रामगढ़ जिले में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के माध्यम से आजीविका को मजबूत कर रहा है. इस कार्यक्रम का लक्ष्य ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2716 घरों के 12000 से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित करना है. एचडीएफसी बैंक में सीएसआर की प्रमुख नुसरत पठान ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाना है.

इस पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य महत्वपूर्ण जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सतत विकास का समर्थन करके सकारात्मक बदलाव लाना है. यह परियोजना सिंचित कृषि क्षेत्रों को बढ़ाने और कृषि आय को बढ़ावा देने के लिए सिंचाई और वनस्पति कवर के तहत 200 एकड़ अतिरिक्त भूमि प्राप्त करने पर केंद्रित है. इसके अतिरिक्त जल पहुंच, स्वच्छता, स्वच्छता, वृक्षारोपण, सौर स्ट्रीट लाइटिंग और सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में बदलने का भी लक्ष्य है.

## केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आइसा ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**रांची।** आइसा ने अल्बर्ट एक्का चौक पर केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया. आइसा के सदस्यों ने बताया कि 10 सालों में 22 करोड़ लोगों ने आवेदन किए हैं, लेकिन मात्र 7 लाख लोगों को ही सरकार नौकरी मिल पाई है. रेलवे जैसे अन्य संस्थाओं में लाखों पद खाली पड़े हुए हैं. सरकार इसे भरने की कोई कोशिश नहीं कर रही है. मौलाना आजाद नेशनल फैलोशिप को बंद करने की घोषणा के बाद सैकड़ों छात्रों को शोध करने का सपना चकनाचूर हो गया. वहीं, झारखंड की शिक्षा व्यवस्था पूरी लचर हो गई है. उच्च शिक्षा में 40 % पद खाली हैं. वहीं प्राथमिक विद्यालय की लचर व्यवस्था किसी से छुपी नही है. हस्ताक्षर अभियान में आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ, संजना मेहता, शिल्पी घोषाल, सोनाली केवट, छूटू राम, सत्यप्रकाश और उमेश शामिल थे.

### एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के सीईओ को एनटीपीसी ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

# अनिमेष बने क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक

**संवाददाता। रांची**



अनिमेष जैन को 1 जनवरी 2024 से एनटीपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) के पद पर पदोन्नत किया गया है. श्री जैन एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के प्रमुख के रूप में झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित सभी कोयला खनन परियोजनाओं और रांची में कोयला खनन मुख्यालय के लिए जिम्मेदार होंगे. वह एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बने हुए हैं.

जैन के कुशल नेतृत्व में एनटीपीसी कोयला खनन समूह ने अपनी चार प्रचलनात्मक खानों से अप्रैल 23 से दिसंबर 23 के दौरान कोयला उत्पादन में 73 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि दर्ज करते हुए एक शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है और इसी अवधि के लिए कोयला प्रेषण में 83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है. श्री जैन एनटीपीसी से एनएमएल में कोयला खनन व्यवसाय के हस्तांतरण का नेतृत्व कर रहे हैं और कोयला उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए कोयला मंत्रालय के साथ अनुपालन विलेख पर हस्ताक्षर किए हैं. एनएमएल ने उत्तर-धाडू (पूर्वी भाग) की पहली वाणिज्यिक कोयला खदान जीती है. अपने पोर्टफोलियो में नई खान को जोड़कर, एनएमएल ने 2030 तक प्रति वर्ष 100 मिलियन मीट्रिक टन की क्षमता प्राप्त करने के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया है. 32 वर्षों के अपने शानदार करियर में श्री जैन ने बिजली क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है और भारत और विदेशों दोनों में व्यापार विकास, विलय और अधिग्रहण, जोखिम प्रबंधन, रणनीतिक प्रबंधन, कॉर्पोरेट मामलों में बड़े पैमाने पर काम किया है. 2020-21 में बांग्लादेश इंडिया फ्रेंडशिप पावर कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में भी कार्य किया और आज तक बोर्ड के सदस्य हैं. बीआईएफपीसीएल में प्रबंध निदेशक की भूमिका संभालने से पहले, वह म्यांमार में एनटीपीसी लिमिटेड के संचालन की स्थापना के लिए जिम्मेदार थे.

## लोकसभा या विधानसभा सीट के लिए मेरी कोई दावेदारी नहीं : प्रदीप वर्मा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से मंगलवार को दो पोस्ट हुए. इसमें कई हैशटैग के साथ एक हैशटैग प्रदीप फॉर रांची भी था. इसके बाद पार्टी के अंदर चर्चा शुरू हो गई कि प्रदीप वर्मा ने साफ तौर पर रांची लोकसभा सीट के लिए दावेदारी पेश कर दी है. बुधवार को इस मुद्दे पर जब शुभम संदेश ने प्रदीप शर्मा से बात की, तो उन्होंने कहा कि वे विशुद्ध रूप से संघ के स्वयंसेवक हैं और उनकी लोकसभा या विधानसभा के लिए कोई दावेदारी नहीं है. वर्मा ने कहा कि वे पिछले 32 वर्षों से रांची में समाजसेवा का काम कर रहे हैं. महामंत्री ने कहा कि वे सरला-बिरला फाउंडेशन के ट्रस्टी हैं. सरला-बिरला यूनिवर्सिटी खुलने से राज्य के 6000 बच्चों का पलायन रुका. सरला-बिरला स्कूल में हजारों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है.

---

## बार चुनाव : नाम वापस नहीं 74 वकीलों के बीच मुकाबला

**संवाददाता। रांची**

रांची जिला बार एसोसिएशन की नयी कमेटी के लिए 20 जनवरी को होने वाले चुनाव में कुल 74 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे. सोमवार को नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद मंगलवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी हुई.

बुधवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि थी. लेकिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया. इस वर्ष बार चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और प्रशासनिक सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर 33 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है, वहीं कार्यकारिणी सदस्य के 9 पदों के लिए 41 वकीलों ने पर्चा भरा है. अब चुनावी सरगर्मी बढ़ने की उम्मीद है.

### विभिन्न प्रमुख पदों पर ये हैं उम्मीदवार

**अध्यक्ष :** शम्भू अग्रवाल, अरविन्द मित्रा, सुधीर सिन्हा और रश्मि कात्यायन

**उपाध्यक्ष :** मो मुमताज, विनय राय, अनूप कुमार लाल, रंजीत महत और सतीश वर्मा

**महासचिव :** संजय विद्रोही, अनिल कुमार कंठ, आशीर्वाद बेदिया और प्रदीप सरकार

**कोषाध्यक्ष :** अमर कुमार, प्रीतांशु सिंह और मुकेश केसरी

**प्रशासनिक सचिव :** पवन खत्री, अभिषेक भारती, दर्पणा तमांग, अजित कुमार सिंह, कुमुद रंजन प्रसाद, सुनील पांडेय और मो कफीउर रहमान

**धरना** ईवीएम से हो रहे चुनाव के खिलाफ भारत मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन

# सत्ता हथियाने में ईवीएम का उपयोग : कुसुम

**संवाददाता। रांची**

ईवीएम से हो रहे चुनाव के खिलाफ भारत मुक्ति मोर्चा ने बुधवार को राजभवन के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया. जिला सचिव कुसुम देवी ने कहा कि ईवीएम से होनेवाले चुनाव से लोगों के हक-अधिकार खत्म हो रहे हैं. सत्ता हथियाने के लिए ईवीएम का उपयोग किया जा रहा है.

ईवीएम से चुनाव जीत कर सत्ता पानेवाले असंवैधानिक तरीके से देश में कानून बनाने का काम कर रहे हैं. सदस्य ज्योति भेंगरा ने कहा कि देशभर में 400 से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं. नयी शिक्षा नीति को कोरोना काल में बनाया गया है और पूंजीपतियों के लिए नया शिक्षा कानून लागू किया जा रहा है, ताकि गरीब के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में नहीं पढ़ सकें. आज महिलाएं सड़क पर उतर कर हक व अधिकार की मांग कर रही हैं, तो सरकार द्वारा उन पर लाठीचार्ज करवा कर गिरफ्तार करा रही है. मौके पर मुरली धरम राय, बसंत उरांव, सुलेंद्र उरांव एवं ज्योति भेंगरा समेत आदि ने भी अपने विचार रखे.



### डीलिस्टिंग महारैली से आदिवासियों को बांट रहे हैं

भारत मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विजय भारती ने कहा कि डीलिस्टिंग रैली का आयोजन कर आदिवासियों को एक-दूसरे से लड़वाने का प्रयास हो रहा है. देश को पूंजीपतियों के हाथो में सौंपा जा रहा है. आदिवासियों की भाषा संस्कृति को खत्म करने की साजिश चल रही है. सरकार देश के संविधान के साथ खिलवाड़ कररही है. देश के लोकतंत्र को खत्म कर तानाशाही की जा रही है. सता हथियाने के लिए देश में धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़वाया जा रहा है.

### 567 जिलो में ईवीएम के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन : बासुदेव

राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के बासुदेव भगत ने कहा कि देश का संविधान आज खतरे में है. ईवीएम से होने वाले चुनाव से लोकतंत्र को खतरा बढ़ गया है. देश में 567 जिलो में ईवीएम के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम चल रहा है और ईवीएम हटाओ देश -बचाओ रैली निकाली जा रही है.

## आईएचएम रांची के डायरेक्टर डॉ. भूपेश कुमार हुए सम्मानित



**संवाददाता। रांची**

झारखंड बजट के पूर्व कार्यशाला में शामिल हुए आईएचएम रांची के डायरेक्टर डॉ. भूपेश कुमार को सम्मानित किया गया. उनको यह सम्मान झारखंड के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने दिया. डॉ. भूपेश ने झारखंड में पर्यटन के विकास के लिए अपना सुझाव दिया. उन्होंने कहा कि टेंपल टूरिज्म के लिए बजट में विशेष प्रावधान होना चाहिए. वहीं नए स्टार होटल खोलने, सब्सिडी, पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्यटन वॉलंटियर पुलिस, झारखंड के व्यंजनों को सरकार के सभी मीटिंग में संकलित करना, पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिए जाने के लिए भी अनुरोध किया. कार्यशाला में वित्त मंत्री के अलावा कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार, पर्यटन सचिव मनोज कुमार आदि मौजूद थे.



## 15 डिजाइनर ने मॉडल्स को अपने डिजाइन के साथ रैंप पर उतारा

# मॉडल्स ने रैंप पर बिखेरा जलवा

संवाददाता। रांची

अमृतनीर हर्बल प्रोडक्ट और मेराकी फैशन हाउस के संयुक्त तत्वावधान में 'सुपर मॉडल डिजाइनर सर्च' सीजन-5 का ग्रैंड फिनाले रांची के द काव्स में आयोजित किया गया. इस ग्रैंड फिनाले इवेंट में 15 डिजाइनर ने मॉडल्स को अपने डिजाइन के साथ रैंप पर उतारा. वहां उपस्थित लोगों ने इवेंट की खूब सराहना की. रांची में पहली बार इतने बड़े स्तर पर कोई फैशन शो आयोजित किया गया था. देश के विभिन्न राज्यों से मॉडल्स ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया.

फाइनल इवेंट में मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस के रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, लोहरदगा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत, विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व वन विभाग के अधिकारी भारतेंदु कुमार, रांची नगर निगम की स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी, गिरिडीह के अंचल अधिकारी संतोष कुमार, भाजपा के महानगर अध्यक्ष केके. गुप्ता, रांची विमेंस कॉलेज की रत्ना सिंह, डॉ. चारु सिंह आदि शामिल हुए. ज्यूरी की भूमिका में बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर मृणाल पाठक, चर्चित मॉडल विकास सिंह व सुपर मॉडल रमायता उपस्थित थे. अमृतनीर हर्बल प्रोडक्ट के चेयरमैन पंकज कुमार ने बताया कि फाइनल इवेंट के लिए फैशन कोरियोग्राफर सुमंगल नाग व असिस्टेंट कोरियोग्राफर जॉयस एंजेलो द्वारा मॉडल्स को 7 दिनों तक ग्रूमिंग सेशन में मॉडलिंग की बारीकियां सिखाई गयी. टीम की योजना है कि बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक की तैयारी के लिए प्रशिक्षण शिविर लगा मॉडल्स को ट्रेनिंग दी जाए. आयोजक चार्ली व होमिनीज मैनेजमेंट के निदेशक मेहुल प्रसाद ने बताया कि टीम ने पिछले 2 महीनों में पूरे ईस्ट इंडिया के 12 जिलों में 500 से ज्यादा मॉडल्स का ऑडिशन लिया था. 40 मॉडल्स का चयन फाइनल राउंड के लिए हुआ.





## बच्चों ने भी रैंप वॉक कर सबका मन मोहा



कार्यक्रम में बच्चों ने भी रैंप वॉक कर सबका मन मोह लिया. किड्स केटेगरी में हर्षिता कुमारी विनर बनीं. पीजेएचआरएफ के निदेशक डॉ. आरिफ नासिर बट्ट ने बताया कि हमारे प्रयास को फैशन जगत के हर चाहने वालों ने सराहा है. लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने से हमारे टीम के हौसलों को बल मिलता है आने वाले वर्षों में सुपर मॉडल जैसे सफल फैशन शो को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जायेंगे. टास्कमैन नेटवर्क के निदेशक शशिकांत गुप्ता ने बताया कि इस बार हमने ग्रैंड फिनाले का सेटअप इंटरनेशनल लेवल का लगाया गया. पूरे ईस्ट इंडिया में पहली बार किसी फैशन शो में एक्स शेप का सेटअप लगाया गया. ये हमारे टीम की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि हमने झारखंड के लोगों को इंटरनेशनल लेवल के शो के बराबर लाकर खड़ा कर दिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में लूकस, निखिल, विपिन, प्रियांजलि, अंजलि, गुलशन, अंशु तिवारी, संदीपिका रॉय आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### ये रहे विजेता

**महिला वर्ग में**

- विनर : मिस रुचि सेठ
- फर्स्ट रनर अप : मिस श्रेयसी तिलावत
- सेकंड रनर अप : अंजलि सिंह

**पुरुष वर्ग में**

- विनर : मिस्टर सिद्धार्थ श्रीवास्तव
- फर्स्ट रनर अप : मिस्टर कार्तिक
- सेकंड रनर अप : मिस्टर मोहित



## न्यूज अपडेट

### राष्ट्रीय खादी और सरस मेले में उमड़े खरीदार



**रांची** । मोरहाबादी मैदान में 7 जनवरी से लगे मेले राष्ट्रीय खादी व सरस मेले में बुधवार को लोगों ने अपने मनपसंद चीजों की खरीदारी की. मेले में सभी वर्ग के लोग नजर आए. सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र बन रहा. यह महोत्सव मेला 12 जनवरी तक सुबह 10 बजे से लेकर रात 8 बजे तक लगा रहेगा. रांची में लगाए गए खादी व सरस महोत्सव में दुमका के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र जोगुडीह गांव से पहुंचीं महिला सहनज़ जादुपटिया का नाम ढोकरा प्रसिद्ध आर्ट में गिना जाता है. सहनज़ ने भी स्टॉल महोत्सव में लगाया है.

### डीएसपीएमयू में कोर्ट मार्शल नाटक का मंचन

**रांची** ।एक्पोजर संस्थान ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कोर्ट मार्शल नाटक का मंचन किया, जिसका निर्देशन संजय लाल ने किया. नाटक कोर्ट मार्शल व्यवस्था के प्रति आक्रोश व्यक्त करता है. इस नाटक में दलित चेतना के बारे में बताया गया है. रामचंदर सेना का निम्न वर्गीय जवान है. वह अपने रेजीमेंट के दो अफसरों पर गोली चल देता है, जिसमें एक अफसर की मौत हो जाती है और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो जाता है. इसी अपराध की वजह से जवान रामचंदर का कोर्ट मार्शल किया जाता है. नाटक में कर्नल सूरत सिंह का किरदार रोशन प्रकाश, जज एडवोकेट का किरदार प्रिया कुमारी, सलाहकार जज का किरदार श्वेता कुमारी, जज-1 का किरदार शरद प्रभाकर, जज-2 का किरदार राहुल कुमार, मेजर पुरी का किरदार उपेंद्र कुमार,कैप्टन राय का किरदार नीतू कुमारी ने निभाया.

### जंगल कटाई पर रोक लगाने को सड़क पर उतरे छात्र



**रांची** । आदिवासी छात्र संघ के बैनर तले रातू प्रखंड में बुधवार को हसदेव जंगल को उजाड़ने के खिलाफ आदिवासी छात्र संघ के छात्रों ने पीएम नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय का पुतले दहन किया गया. इस मौके पर छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष रोशन तिग्गा ने कहा कि हसदेव जंगल में लगातार लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं. पर्यावरण बचाने के बजाय उजाड़ा जा रहा है. जिसे जंगल में रहने वाले जीवों को काफी नुकसान पहुंच रहा है. केंद्र सरकार भी इस मुद्दे पर बोलने को तैयार नहीं है.

### वीरगाथा परियोजना के वीरता पुरस्कारों की घोषणा

**रांची**। वीरगाथा परियोजना के तहत वीरता पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है. झारखंड को तीन आयु वर्ग में पांच पुरस्कार मिले है. पेंटिंग में कक्षा 6 से 8 वर्ग में अमन महतो व रौनक राज , कक्षा 9 -10 में प्रतिवा सेन को , कक्षा 11- 12 वर्ग में हर्ष द्विवेदी और सुशांत कुमार को पुरस्कार मिला है. वीर गाथा परियोजना 3.0 के 100 विजेताओं को चार अलग -अलग कक्षा वर्ग श्रेणियों में पुरस्कार दिया गया. इनमें कक्षा 3 से 5, 6 से 8, 9 व 10, 11 व 12 के लिए शीर्ष 25 बच्चों का चयन हुआ. हर विजेता को रक्षा मंत्रालय की ओर से 10,000 रुपये नकद व सर्टिफिकेट दिया जाता है.

### एसआर डीएवी के अदनान का टॉप शिक्षण संस्थान में चयन

**रांची**।द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का विद्यार्थी बनना किसी भी वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी का सपना होता है. इस सपने को साकार किया है एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग के पूर्व छात्र अदनान अहमेर ने. उन्होंने 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई करने के लिए नामांकन कराया. कठिन परिश्रम के बल पर वे सफलता की सीढियां चढ़ते चले गए. पहले चार्टर्ड अकाउंटेंसी फाउंडेशन, फिर चार्टर्ड अकाउंटेंसी इंटरमीडिएट और अंततः चार्टर्ड अकाउंटेंसी फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने का सपना साकार किया. प्राचार्य एसके मिश्र ने अदनान को उसकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्हें अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया. उन्होंने कहा कि उनके जैसे विद्यार्थियों पर विद्यालय को गर्व है.

### श्रीश्याम सेवा समिति का वार्षिकोत्सव 14 को

**रांची**। श्रीश्याम सेवा समिति का वार्षिकोत्सव 14 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा. सेठ रामेश्वरम लाल पोद्दार स्मृति भवन, चुटिया में इसका आयोजन किया जा रहा है. आयोजन स्थल पर बुधवार को कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गयी. समिति के दीपक अग्रवाल ने बताया कि पहले दिन रविवार को शाम सवा छह बजे फतेहचंद अग्रवाल दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे. इसके बाद भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा, जो रात दस बजे तक चलेगा. संगीतमय भजन समिति के भरत अग्रवाल संग सदस्य पहले भक्ति धारा बहाएंगे.

### मैथ्स ओलंपियाड 'आईएनएमओ' के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**रांची**। सेल टाउनशिप स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में 21 जनवरी को भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (आईएनएमओ) परीक्षा का आयोजन होगा, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गयी है. हाल ही में आयोजित क्षेत्रीय गणित ओलंपियाड परीक्षा में सफल अभ्यर्थी 12 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. 15 जनवरी को एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा. वहीं प्रतिभागियों के लिए 21 जनवरी को परीक्षा का आयोजन होगा. साढ़े चार घंटे की परीक्षा दोपहर 12 बजे शुरू होगी. परीक्षा में सभी सवाल सब्जेक्टिव टाइप पूछे जायेंगे.

## निकली प्रभातफेरी, गुंजायमान रहा प्रभात बेला

# दर्शन देख जीवां गुरु तेरा पूरण करम होये प्रभु मेरा..

संवाददाता। रांची

श्रीगुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर बुधवार को भी गुरुद्वारा साहिब से प्रभातफेरी निकाली गयी. सिख समाज के लोगों ने शबद गायन कर प्रभात बेला में भक्ति रस धोला. गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभात फेरी सुबह छह बजे गुरुद्वारा साहब के दर्शन दिउड़ी गेट से निकलकर ललित किंगर, मनोहर लाल मिड्ढा, रमेश तेहरी,श्याम लाल गाबा, अर्जुन दास मिड्ढा की गली होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंच कर विसर्जित हुई. अरदास के साथ फेरी के समापन पर सभा द्वारा संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया. प्रभात फेरी के दौरान रास्तेभर



स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, मंजीत कौर, नीता मिड्ढा, रेशमा गिरधर, गूंज काठपाल ने शबद गायन किया. जो मांगे ठाकुर अपुने ते सोइ सोइ देवै... और दर्शन देख जीवां गुरु तेरा पूरण करम होये प्रभु मेरा.... जैसे कई शबद गायन कर कॉलोनी की गलियों को भक्तिमय कर दिया. सरदार भूपेंद्र सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई की. मनीष मिड्ढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने कुशलक्षेम का अरदास किया.

### इन्होंने निभाई भागीदारी

प्रभात फेरी में द्वारका दास मुंजाल, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह,मोहन काठपाल, सुरेश मिड्ढा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिड्ढा, महेंद्र अरोड़ा, बसंत काठपाल, हरीश मिड्ढा, मोहित झंडई, राकेश गिरधर, आशु मिड्ढा, नवीन मिड्ढा, राजेन्द्र मक्कड़, इंदर मिड्ढा, गुलशन मिड्ढा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, आशीष दुआ, विनीत खत्री, रिक्की मिड्ढा, हरीश तेहरी, भरत गाबा, अश्विनी सुखीजा, प्रताप तलेजा, पंकज मिड्ढा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर व अन्य ने भूमिका निभाई.

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

संवाददाता। रांची

तीन दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को हुआ. इसका उद्घाटन पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने किया. यह प्रतियोगिता 12 जनवरी तक चलेगी. इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के चार जोन, धनबाद दुमका, चाईबासा एवं रांची जोन के पुरुष-महिला विजेता एवं उपविजेता टीमें भाग ले रहीं है.

बुधवार को खेल गए मैच का रिजल्ट

**पुरुष वर्ग :** पुरुष वर्ग के पहले मैच में रांची ने सरायकेला-खरसावां को 3-2 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया, दूसरे मैच में पाकुड़ और धनबाद के बीच मैच ड्रा रहा, तीसरे मैच में रांची ने धनबाद को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया. चौथे मैच में रांची और सरायकेला खरसावां बीच ड्रा रहा.

**महिला वर्ग :** पहले मैच में रांची ने पश्चिमी सिंहभूम को 2-0 से हराकर कर अगले चक्र में प्रवेश किया, दूसरे मैच में पाकुड़ ने बोकारो को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया, तीसरे मैच में रांची ने बोकारो को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया, चौथे मैच में धनबाद ने साहिबगंज को 3-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया.

## न्यू साकेत नगर हिनू में किया गया अक्षत वितरण



संवाददाता । रांची

हिनू स्थित न्यू साकेत नगर में मंगलवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत्र भगवान के चित्र व पत्रक का वितरण किया गया. मौके पर कुमार कुश, राकेश कुमार सिंह, डब्ल्यू पंडित, सतेन्द्र पाठक,कमल किशोर झा, कृष्ण कुमार झा, सुनील सिंह,अनिता गुप्ता, प्रीति सिंह, प्रवीण झा, अजय मिश्रा, विनोद, सचिन सौरव, प्रभाकर मिश्रा, श्याम मिश्रा, आराध्या झा, विनोद सिन्हा, हिमांकर पटेल (डब्बू), मनोज मिश्रा, मेनिका मिश्रा, मोहित मिश्रा आदि उपस्थित थे.

## लैंगिक हिंसा खत्म करने में शिक्षा सबसे अहमः सचिव

**रांची** ।ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने कहा है कि लैंगिक हिंसा के रोकथाम के लिए शिक्षा सबसे अगम है. सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं के द्वारा चलाई जा रही नई चेतना अभियान के जरिये खुद को पढ़ाई से भी जुड़ने की बात कही. वे बुधवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि महिलाओं के बीच शिक्षा के प्रसार के लिए ऐसी महिलाओं का चयन करें जो स्वेच्छा से पढ़ाना चाहेंगी. जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि आज महिलाएं एक सुरक्षित समाज की स्थापना करने में योगदान दे रही हैं.

## श्याम मंदिर में विशेष महोत्सव 22 को

संवाददाता। रांची

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित व निर्मित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का विशेष महोत्सव पौष शुक्ल द्वादशी 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा. रामनगरी अयोध्या में 550 वर्षों के बाद 22 जनवरी को नवनिर्मित श्री राम मंदिर में श्री रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. यह निर्णय बुधवार को मंडल की बैठक में किया गया. बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी कर रहे थे. महोत्सव के अंतर्गत श्री श्याम मंदिर में विराजमान देवी-देवताओं का दिव्य श्रृंगार किया जाएगा. पूजन अनुष्ठान, हवन, विशेष आरती, 11000 लड्डुओं का भोग लगा कर दीपोत्सव मनाया जाएगा. महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसके संयोजक पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू तथा मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को उपसंयोजक मनोनीत किया गया. अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी एलइडी स्क्रीन से किया जाएगा. मंदिर को रंग बिरंगी लाइट से सजाया जाएगा. श्री रामजी के भजनों का गायन चलता रहेगा मंदिर प्रातः 5:00 बजे से देर रात तक निरंतर खुला रहेगा.

## लोहड़ी पर भव्य आयोजन करेगा बहावलपुरी पंजाबी समाज

संवाददाता। रांची

पंजाबी हिंदू बिरादरी और बहावलपुरी समाज द्वारा 13 फरवरी को लोहड़ी का का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा. मकर संक्रांति से पहले मनाया जाने वाला यह पर्व सिखों और पंजाबियों के लिए खास महत्व रखता है. यह पर्व सूर्यदेव और अग्नि देव को समर्पित है. इस दिन आग जलाकर परिवार के सभी सदस्य परिक्रमा करते हैं. अग्नि देव को रबी की फसल भेंट की जाती है. नृत्य-गीत के साथ लोग एक-दूसरे



को बधाई देते हैं. शहर के विभिन्न इलाकों में शनिवार को सांझी लोहड़ी की धूम रहेगी. बहावलपुरी पंजाबी समाज ने इस बार सांझी लोहड़ी के भव्य आयोजन की तैयारी की है. समाज के अध्यक्ष ललित किंगर की अध्यक्षता में बुधवार को हुई महिला समिति की बैठक में आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गयी.

मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गुरुद्वारा, मंदिर चौक, कृष्णा नगर कॉलोनी में रात नौ बजे कार्यक्रम की शुरुआत होगी. पहले सामूहिक रूप से अग्नि प्रज्ज्वलित की जाएगा. इसके बाद महिलाएं गिद्दा और नृत्य प्रस्तुत करेंगी. फिर गुरुनानक हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में फैंसी ड्रेस और डांस परफॉर्मेंस के अलावे मेधावी छात्र-छात्रा को राहुल निखित एकेडमिक अवार्ड दिया जायेगा। इस अवसर पर खाने-पीने के स्टाल भी लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि सांसद संजय सेठ मुख्य अतिथि, विधायक सीपी सिंह और झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी इसमें बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगी.

### फैशन प्वाइंट एग्जीविशन में हुई जमकर खरीदारी



**रांची**। कैपिटल हिल में मंगलवार को वेडिंग डायरी दो दिवसीय एग्जीविशन के दूसरे दिन लोगों ने जमकर खरीदारी की. इस एग्जीविशन में कुल 35 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें कुछ स्टॉल सामाजिक संस्थाओं को उपलब्ध कराया गया है. एकल सामाजिक संस्थान, लायंस क्लब समर्पण की ओर से मुफ्त डायबिटीज व बीपी चेकअप के स्टॉल में लोगों ने अपना चेकअप करवाया.एग्जीविशन में महिलाओं की पसंद के सभी सामान की खूब बिक्री हो रही है.

### श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में विश्व हिंदी दिवस मना

**रांची** ।मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में विश्व हिंदी दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया. कार्यक्रम में हिंदी भाषा का महत्व व संस्कृति में योगदान विषय पर शिक्षकों तथा छात्रों ने अपने विचार प्रकट किए. अपने संबोधन में निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है. 10 जनवरी को विश्व भर में हिंदी दिवस मनाया जाता है. विद्यार्थियों को आधुनिकता एवं अंग्रेजीयत से अलग होकर हिन्दी की रोचकता और महत्ता को जानने पहचानने की जरूरत है. मौके पर सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिका मौजूद थे.

### सरला बिरला स्कूल के बच्चों ने किया कंबल वितरण



**रांची**। सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम 'शुभेक्षाः एक उद्देश्य के लिए दान' का आयोजन किया गया. इसके तहत जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े और खाद्य वस्तुएं वितरित की गईं. छात्रों ने शिक्षकों के साथ रांची जिले के बड़ाम, जराटोली और बीसा गांव जाकर कंबल का वितरण किया. विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों की पहल की सराहना की. प्राचार्य परमजीत कौर ने बच्चों को ऐसे नेक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि दूसरों के जीवन को आरामदायक बनाने के लिए थोड़ा सा प्रयास करने से समाज में बदलाव आता है.

### छात्र-छात्राओं ने जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े बांटे

**रांची**। कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल के सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी क्लब द्वारा जरूतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़े और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया. वरिष्ठ अध्यापकों के मार्गदशन में रांची के मेन रोड व रेलवे स्टेशन के आस-पास रिक्शा चालकों, दिहाड़ी मजदूरों, ठेलेवालों, रेजा-कुलियों, गरीब महिलाओं व छोटे-छोटे बच्चों को ठंड से बचाने के लिए उनके बीच कंबल, शॉल, स्वेटर, वस्त्र एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया. विद्यालय की प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि इस तरह की पहल समाज के लिए उपयोगी कदम है.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन।

आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू , कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत में होटल और रूम में ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।



- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING
Call 8527271652-ved

## ब्रीफ खबरें

### सीसीएल कर्मी सुखदेव मुंडा को श्रद्धांजलि दी

**डकरा।** क्षेत्रीय कर्मशाला डकरा में शोकसभा का आयोजन कर सीसीएल कर्मी स्व सुखदेव मुंडा को श्रद्धांजलि दी गई. इस दौरान दो मिनट का मौन रह कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया. शोक सभा में परियोजना पदाधिकारी प्रत्यूष प्रताप, पेतरूष कुल्लू, भोला राम, कन्हाई पासी, विनोद महतो, इस्हाक अंसारी, मुनेश्वर मुण्डा, संतोष विश्वकर्मा, तुलसी महतो, निमय मरान्डी,अरविंद प्रसाद,संजय महतो, किसन डोम, शिव रत्न विश्वकर्मा, लक्ष्मी देवी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे.

### मांडर में रोजगार मेला का आयोजन

**मांडर ।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को लाइवलीहुड सोसाइटी के सौजन्य से दीनदयाल रोजगार मेला में का आयोजन किया गया.मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि जमील मालिक ने कहा कि आज पढ़ाई के साथ-साथ हुनर का होना भी जरूरी है और आप प्रशिक्षण कर रोजगार पा सकते हैं. इस अवसर पर मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, एस पी एम समा परवीन और काफी संख्या में युवक युवती उपस्थित थे .

### मांडर डीलर संघ ने आंदोलन समाप्त किया

**मांडर।** प्रखंड सभागार में मांडर डीलर संघ की एक आवश्यक बैठक की गई बैठक में अध्यक्षता करते हुए अमिताभ कुमार पाठक ने बतलाया कि प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के द्वारा सरकार से की गई वार्ता के अनुरूप अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है . बैठक में मुख्य रूप से बंसी साहू, शंकर साहू ,सुनील सिंह, हरिनारायण साहू, शाहरुख खान,मोहम्मद नईम, फिरोज अंसारी, महिला समूह के सदस्य अनुराधा,गीता देवी, मुस्त्री खातून, पुनिया उराईन, अलावे बहुत सारे संख्या में लोग उपस्थित थे.

### एसडीएम ने ईवीएम प्रदर्शन वैन को किया रवाना

**बुंडू ।** बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो द्वारा बुधवार को आसन्न लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर बुण्डू अनुमंडल क्षेत्र में ईलेक्ट्रोनिक्स वोटिंग मशीन के प्रचार-प्रसार हेतु मोबाईल डेमोन्सट्रेशन वैन को बुण्डू अनुमंडल कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया. इस अवसर पर पवन कुमार, अंचल अधिकारी, बुण्डू, रेणु कुमारी, बीडीओ, बुण्डू, कार्यपालक दंडाधिकारी, पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, बुण्डू, राजेश कुमार उपस्थित थे.

### 22 को दीपोत्सव बनाने का निर्णय

**कांके।** मदन मोहन मंदिर प्रबंध समिति ने बुधवार को बैठक की, जिसमें 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम जन्मभूमि में मंदिर का उद्घाटन व प्राण प्रतिष्ठा पर बोड़ेया के ऐतिहासिक मदन मोहन मंदिर को भव्य रूप से सजाने एवं खीर का भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण करने का निर्णय लिया गया है. कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष सुधांशु नारायण तिवारी, सचिव मनोज तिवारी, कोषाध्यक्ष गोपाल नारायण तिवारी, गोविन्द नारायण तिवारी आदि बैठक में उपस्थित हुए.

### लकवाग्रस्त से मिले डॉ परमेश्वर भगत

**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत के मसमानो में समाजसेवी सह उप विकस आयुक्त डॉ रामेश्वर भगत ने बुधवार को बीमार रबुल अंसारी से मिलकर आर्थिक मदद किया. 45 वर्षीय रबुल अंसारी पिछले तीन साल से लकवाग्रस्त है. वह चलने फिरने में असमर्थ है. उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है. साथ में बेहतर इलाज का आश्वासन दिया. मौके पर डॉ नाफ़र अली, फिरोज अंसारी, अफ़रोज अंसारी, नसीम अंसारी, जावेद अंसारी, आज़ाद अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### एसएसबी ने 17 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया

**तमाड़।** सशस्त्र सीमा बल 26 वीं वाहनी जी कंपनी तमाड़ व सी कंपनी बासुकोंचा के साथ तमाड़ पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर बृहद पैमाने पर लगे अफीम की फसल को नष्ट किया. सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ आर, उप निरीक्षक आनंद कुमार गोप, गाविंद वर्मन एएसआई परमेश्वर शर्मा के नेतृत्व में एसएसबी और जिला पुलिस के जवानों ने नवाडीह और बिरडीह में 15 एकड़ में लगे पोस्ते और 2 एकड़ में लगे गांजे की फसल को नष्ट कर दिया.

सपही नदी के चुरी और मानकी तट बालू तस्करी का बना अड्डा

# अवैध बालू उत्खनन से सपही नदी का अस्तित्व संकट पर

**संवाददाता। डकरा**



खलारी थाना क्षेत्र के सपही नदी के चुरी और मानकी तट बालू तस्करी का अड्डा बन गया है. बालू माफिया नदी का इस कदर दोहन कर दिया है कि इसके अस्तित्व पर ही संकट मंडराने लगा है.

सपही नदी से बालू का उठाव पूरी तरह प्रतिबंध है यहां बिना नीलामी के खनन करना गैरकानूनी है. लेकिन बालू माफिया रोजाना सरकारी खजाने को लाखों रुपये की चपत लगा रहे हैं. हैरानी की बात है पुलिस के कड़े रुख के बावजूद भी बालू अवैध उठाव धड़ल्ले से जारी है. अवैध तरीके से नदी से बालू निकालने का न सिर्फ रात में बल्कि दिन के उजाले में भी अनवरत जारी है. खनन माफिया बिना रोक टोक के बालू निकालकर बेखौफ बेच रहे हैं.

स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि नदियों में बालू का दोहन पर्यावरण के लिए एक अच्छा संदेश नहीं है. जिस सपही नदी में सालों भर पानी का बहाव होता था लेकिन बालू का अंधाधुंध खनन से जनवरी के पहले सप्ताह में ही नदी की धारा सूख गयी. नदी के तट पर बालू की जगह मिट्टी दिखाई पड़ रही नदी के बीचों बीच झाड़ झकड़ उग गए. नदी से बालू का अवैध उत्खनन के संदर्भ में पूछे जाने पर खलारी सीओ शिशुपाल आर्य कहना है कि सूचना मिलने पर बालू का अवैध कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए छापेमारी की जाती है. नदी से बालू का उठाव हो रहा है तो टीम बनाकर पुलिस के सहयोग से छापेमारी की जाएगी.

**खास बातें**

- नदी से बालू निकालने का खेल दिन के उजाले में जारी
- नवरी के पहले सप्ताह में ही नदी की धारा सूख गयी

**नदी पर बना दिया रास्ता**

बालू के अवैध खनन के चलते माफियाओं ने नदी में रास्ते तक बना दिए हैं. इस रास्ते सूरज निकलने के पूर्व एवं शाम ढलते बेखौफ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का आना-जाना लगा रहता है, नदी के चारो ओर बालू में ट्रैक्टर के चक्के के निशान से नदी का सूरत और सिरत बिगड़ गया गया है.

हिट एंड रन कानून के खिलाफ वाहन चालक ने खोला मोर्चा

# वाहन चालकों ने किया विरोध प्रदर्शन, कई जगह किया जाम

**संवाददाता। पिपरवार**



केंद्र सरकार द्वारा लाये गए हिट एंड रन कानून के खिलाफ देश भर के ड्राइवरों में आक्रोश देखा जा रहा है.इसी के विरोध में बुधवार को सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय ट्रक और हाईवा डंपर के चालकों ने स्वेच्छा से अपने-अपने वाहन को खड़ा कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया.वहीं कई जगहों पर ड्राइवर ने सड़क पर उतर कर सड़क जाम कर दी और विरोध प्रदर्शन किया.मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह चालकों ने बचरा पेट्रोल पम्प और भेलवाटांड़ चौक पर सड़क जाम कर दिया.इस दौरान वाहन चालकों ने जमकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की.सड़क जाम के बाद पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना से आरसीएम साईडिंग और सीएचपी सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद हो गया.इस दौरान हाइवा डंपरों की लंबी कतार सड़क पर देखी गई. वहीं लोकल सेल से निकलने वाली ट्रक भी इस जाम में फंसी रही. इसके अलावा कई यात्री बस और प्राइवेट चार पहिया वाहन भी घंटे जाम में फंसी रही.ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बंद होने के बाद साइडिंग में कोयले के अभाव के कारण डिस्पैच का कार्य भी बाधित रही.जिसके कारण सीसीएल प्रबंधन को करोड़ों रुपए का नुकसान होने की सूचना है. देखा जा रहा है.इस संबंध में ट्रक और हाईवा डंपर के चालकों ने बताया कि केंद्र सरकार का यह कानून देश भर के चालकों के लिए काला कानून साबित होगा.चालकों ने कहा कि जब तक सरकार के द्वारा इस काला कानून को वापस नहीं लिया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा.इधर चालकों के द्वारा सड़क जाम और विरोध प्रदर्शन की सूचना पाकर काफी संख्या में सीआईएसएफ, सीसीएल सिक्योरिटी विभाग सहित स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर चालकों से बातचीत की और किसी तरह समझाकर सड़क जाम को हटाया,जिसके बाद पिपरवार क्षेत्र की कोयला ढुलाई सहित आवागमन चालू हो सका.

**बचरा में हुई स्थानीय वाहन चालक संघ की बैठक**

**पिपरवार ।** बचरा चार नंबर खेल मैदान में बुधवार को स्थानीय वाहन चालक संघ की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई . इस बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह उर्फ विधायक और संचालन संतोष शर्मा ने किया . बैठक को संबोधित करते हुए वाहन चालकों ने कहा कि पिपरवार मगध और आम्रपाली एरिया में चालको को काफी कम वेतन दिया जाता है,जबकि इलाज के नाम पर कोई सुविधा प्रदान नहीं की जाती है,जिसके कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है .बैठक मे आगामी 13 जनवरी को पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय स्थित बीओसी हनुमान मन्दिर के समक्ष बैठक रखी गई है,जिसमे वाहन चालक संघ का गठन किया जाएगा .इस बैठक में सभी लोगों को उपस्थित होने की अपील की गई है .आज की बैठक में मुख्य रूप से बिनोद सिंह,रोशन कुमार, गुड्डू सिंह,रामपति महतो, सेवा महतो,करण कुमार, संतोष महतों, इसराफिल अंसारी,इजराईल अंसारी, मणिकांत,मंटू साह,भोला रजक,रणजीत सिंह,हरि कुमार,देवेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में चालक मौजूद थे .

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**बुंडू।** आगामी गणतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय झंडोत्तोलन की तैयारियों के संदर्भ में समन्वय स्थापित करने हेतु बुण्डू प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्गत सभी पदाधिकारियों, जन-प्रतिनिधियों, समाज सेवियों, प्राचार्यों, प्रधानाध्यापकों के साथ अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू के सभागार में बुधवार को बैठक आयोजित की गई . बैठक की अध्यक्षता बुंडू एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो ने की.बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, बुण्डू के द्वारा राष्ट्रीय झंडोत्तोलन, सामूहिक राष्ट्रगान, प्रभात फेरी, राष्ट्रध्वज का अभिवादन, परेड कार्यक्रम, झांकी कार्यक्रम एवं झंडोत्तोलन की तैयारियों तथा साफ-सफाई को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया.

### किसान मित्रों ने वनभोज का जमकर उठाया आनंद

**लापुंग ।** लापुंग प्रखण्ड में कृषक मित्रों के द्वारा बनभोज कार्यक्रम गराई बलरी डेम पर रखा गया. बीटीएम मोहन प्रजापति ने किसान मित्रों को कहा कि ईमानदारी पूर्वक अपने जिम्मेवारी को निभाना है. प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग ही किसानों का सच्चा हितैसी है इन्हें डमी पर बीज व खाद मुहैया कराना हमारा कर्तव्य है . मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जन्मेजय पाठक, बीएओ विनय कुमार गुप्ता, बीटीएम मोहन प्रजापति, प्रमुख कंचन उरांव, पूर्व बी टी एम आनंद टोप्पो, एवं कृषक मित्र के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि हरिमोहन साहू , महावीर साहू ,दुबराज साहू ,कृष्णा बड़ाइक, गोपाल बड़ाइक, सत्य नारायण सिंह, अजय साहू, गणेश साहू सभी ने आनन्द उठाया .

तीन दिवसीय मुख्यमंत्री फुटबॉल का आरंभ

## चाईबासा, धनबाद और दुमका जोन ले रहे हिस्सा



**संवाददाता। रांची**

पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग के तत्वाधान में बुधवार से शनिवार तक तीन दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर कई जिलों के जिला के खेल पदाधिकारी उपस्थित थे. प्रतियोगिता में पूरे झारखंड के चार जोन धनबाद, दुमका, चाईबासा एवं रांची जोन की विजेता एवं उपविजेता टीमें हिस्सा ले रही हैं.

**मैच के परिणाम**

**पुरुष वर्ग**

**पहला मैच :** रांची ने सरायकेला खरसावां को 3-2 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया.

**दूसरा मैच :** पाकुड़ बनाम धनबाद के बीच खेला गया, जो ड्रा रहा. दोनों टीमें एक -एक गोल से बराबरी पर रही.

**तीसरे मैच :** रांची ने धनबाद को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया.

**चौथा मैच :** रांची व सरायकेला खरसावां के बीच हुआ, जो शून्य - शून्य पर ड्रॉ रहा.

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## केंद्र की योजनाओं का लाभ लें: सन्नी

**संवाददाता। चान्हो**



चान्हो प्रखंड में बुधवार को टांगर और और तरंगा पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर शामिल हुए . इस मौके पर श्री टोप्पो ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजना की जानकारी लोगों को देना है.

केंद्र सरकार द्वारा बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन जानकारी के अभाव में जनता इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही है. केंद्र सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए योजनाओं को बनाती है. इस तरह के आयोजन करके योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है.साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की जो योग्य व्यक्ति है उनको योजनाओं का लाभ जरूर दिलाए. कार्यक्रम में एलइडी वाहन के माध्यम से केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये जिससे देश विकसित होने की राह पर है.

सन्नी टोप्पो ने केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें मुख्य रूप से केसीसी लोन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, बीमा योजना हैं. इस मौके पर बी पी ओ गुंजन कुमार, मुखिया पूनम उराईन, टांगर मुखिया देवांती उराइन, बीजू पाड़ा मंडल अध्यक्ष सतानंद सिंह, सतीश शाह, शफीक अंसारी, सोनी तबस्सुम, विजय महतो, विशेषर महतो, सुखनंदन नायक, मुकेश उरांव, चरवा उरांव, विवेक कुमार, हफीजुर रहमान सहित अन्य मौजूद थे.

**आयोजन** स्वर्णरेखा वन पर्यावरण मेला सह मिलन समारोह आयोजित

# वन हमें जीवन के साथ रोजगार भी देता है: चौधरी

**संवाददाता। ओरमांझी**



प्रखंड क्षेत्र के चकला पंचायत में स्वर्ण रेखा वन पर्यावरण मेला सह मिलन समारोह का आयोजन सरना टोली बसुवा पत्रा,चकला में किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने महिला फुटबॉल, पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में विजय खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया.जिसमें पुरुष वर्ग सीएफसी चकला ने सीएफसी दरदाग को एक गोल से पराजित किया. वही महिला फुटबॉल में सीएफसी बारीडीह ने सीएफसी फुटबॉल क्लब दरदाग को दो एक से पराजित किया. मैराथन दौड़ पुरुष प्रतियोगिता 1000मीटर में प्रथम रविंद्र महतो,द्वितीय पुरस्कार रंजीत महतो, एवं महिला दौड़ प्रतियोगिता 900 मीटर में प्रथम स्नेहा कुमारी द्वितीय पुरस्कार रिया कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार प्रिया कुमारी ने जीता. मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि वन पर्यावरण हम सबको शुद्ध हवा पानी प्रदान करता है. जीव जंतु वन पर्यावरण पर निर्भर है. वन हमें हवा, पानी, लकड़ी, जलावन के साथ-साथ रोजगार का भी अवसर प्रदान करता हैं. लेकिन बचाने और लगाने के विषय में नहीं सोचते हैं. इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, नागरिक परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी, संरक्षक मोतीलाल महतो, अलखनाथ महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, अंबिका महतो, अध्यक्ष अशोक महतो, मुकेश महतो, ग्राम प्रधान बालक पाहन ,नरेश महतो, बालेश्वर मुंडा, कुलदीप महतो, मुखिया शिवनाथ मुंडा, उप मुखिया उमेश महतो, उप मुखिया बनवारी लाल साहू, मुखिया प्रतिनिधि चांद बाबू, सरवन महतो, आफताब आलम, सैकड़ो लोग उपस्थित थे.

**खास बातें**

- महिला फुटबॉल व पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
- विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

### सिल्ली में पूजित अक्षत का किया गया वितरण

**सिल्ली/मुरी ।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर पूजित अक्षत एवं चित्र व पत्रक का वितरण ग्राम विकास स्कूल , सिल्ली स्टेशन रोड से सिल्ली मैन रोड , रुगड़ी टोला, नीचे टोला तक किया. इस अवसर पर विनोद प्रसाद साहू ने कहा कि 22 जनवरी को सभी अपने अपने अपने घर के निकटतम मंदिरों में 11.00 बजे से 2:00 बजे तक पूजा करें साथ ही संध्या में पांच पांच दीपक जलाकर अपने घरों में दीप उत्सव मनाएं. इस अवसर पर प्रदीप विश्वकर्मा, सुधीर साहू, सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू, राजेश रॉय, रिंकू देवी, सविता पोद्दार, ऋषिकेश सोनार, कांचन सोनार, केदार अग्रवाल,मन्नू मिश्रा, अरुणा पांडेय,रेणु देवी, अनिता देवी, गणेश करमाली दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### केडीएच बरटोला में नीलांबर-पीतांबर को श्रद्धांजलि दी



**खलारी/डकरा।** केडीएच बरटोला में वीर नीलांबर पीतांबर शाही भोगता की जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई.सर्वप्रथम नीलांबर पीतांबर चौक पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया.साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया.वक्ताओं ने कहा कि नीलांबर पीतांबर ने देश की आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी.हमे उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने की जरूरत है.इस मौके पर बिगन सिंह भोगता,रामलखन गंझू, रामजीत गंझू, महावीर गंझू, गोपाल गंझू, प्रकाश गंझू,अमित गंझू,रामजतन गंझू, महेंद्र गंझू,अमृत गंझू,संतोष गंझू,जगरनाथ गंझू, जोगेंद्र भोगता, सिद्धार्थ भोगता सहित कई लोग मौजूद थे.

### हमारा संकल्प विकसित भारत का शुभारंभ आज

**नामकुम।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को नामकुम प्रखंड के आरा व बड़ाम पंचायत से प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार द्वारा शुभारंभ किया जाएगा. इस कार्यक्रम के तहत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है. उक्त कार्यक्रम के तहत नामकुम प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में मोबाइल आईईसी वेन भेजा जाएगा. उक्त मोबाइल वेन के माध्यम से आम लोगों को सरकार की योजनाओं एवं उसके लाभ की जानकारी दी जाएगी जैसे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्टअप इंडिया स्टैंड अप इंडिया, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना ,स्वच्छ भारत अभियान ,प्रधानमंत्री ई सेवा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना, उज्ज्वला योजना ,सौभाग्य योजना खेलो इंडिया आदि योजनाओं से लाभ लेने हेतु जागरूक किया जाएगा.

### बालू लदा दो हाइवा को पुलिस ने किया जब्त

**तमाड़ ।** तमाड़ में अवैध बालु परिवहन करते हुये बालू लदी दो हाईवा को पुलिस ने किया जब्त. रांची एसएसपी के निर्देश पर गठित टास्क फोर्स की टीम गुप्त सुचना मिली थी कि टीकर होकर बालु का अवैध परिवहन किया जा रहा है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुये टास्क फोर्स की टीम तमाड़ थाना क्षेत्र के टीकर मोड़ के पास से दो हाईवा को रोक कर बालू ढुलाई करने का चालान की मांग की वाहन चालक के द्वारा जेएसएमडीसी द्वारा निर्गत चालान दिखाया गया. लेकिन दोनों चालान का समय सीमा खत्म हो चुका था. जिसकी सूचना पर टास्क फोर्स की टीम ने चालान का समय देखा तो चालान का समय खत्म हो चुका था.पुलिस जब्त वाहन पर अग्रेतर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को पत्राचार कर दिया है.



### राहे में नीलांबर-पीतांबर की जयंती मनायी गयी

**राहे।** प्रखंड के कोकरोडीह में स्थित नीलांबर-पीतांबर चौक में खारवार जनजाति के भोगता समाज के तत्वाधान में नीलाम्बर-पीतांबर जयंती मनाई गयी .समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड प्रभारी संजय सिद्दार्थ शामिल हुये.सभी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किए. सभी ने इनके सोच को समाज मे स्थापित करने का संकल्प लिया.मौके पर समारोह में प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो, उपाध्यक्ष सह पाहान मनोरंजन भोगता, सचिव प्रमोद सिंह, हलधर पाण्डेय, राजेश सिंह, प्रधान भोगता, बाबूलाल भोगता, गिरिधारी भोगता हरेकृष्ण भोगता, पवन भोगता, गिरिधारी भोगता भोगता समेत भोगता समाज के सभी लोग मौजूद थे.



### एटक के राष्ट्रीय महामंत्री का 83वां जन्मदिन मनाया

**पिपरवार।** मजदूरों के मसीहा के नाम से विख्यात ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के राष्ट्रीय महामंत्री रमेंद्र कुमार का 83 वां जन्मदिन बरकासयाल स्थित आवास में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया . इस दौरान रमेंद्र कुमार के द्वारा केक काटकर जन्मदिन की बधाई यूनियन के सभी कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया गया.जन्मदिन के मौके पर पिपरवार क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र से आए कार्यकर्ताओं ने बधाई स्वरूप फूलों के गुलदस्ते देकर उन्हें सम्मानित किया गया. जन्म दिवस के मौके पर पिपरवार क्षेत्र के मुख्य रूप से पिपरवार क्षेत्रिय सचिव मुंद्रिका प्रसाद, पीसीसी सदस्य विमल महतो, बाबूलाल राम, अरविंद शर्मा, बसंत राम, उरेश गंझु शामिल थे.



### सारेयाद मैदान में खेलो सिल्ली अभियान की शुरुआत

**सोनाहातू ।** प्रखंड क्षेत्र के सरेयाद मैदान में बुधवार को खेलो सिल्ली अभियान का शुरुआत किया गया. अभियान के शुरुआत के अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव के हर खिलाड़ी को उनके रुचि के के अनुसार ट्रेनिंग दिया जायेगा.अभियान के तहत गांव में खेल की बुनियाद रखी जायेगी. इस दौरान गलऊ पंचायत के 276 खिलाड़ी ने अपने प्रतिभा को प्रदर्शन किए. दौड़, फुटबॉल, बॉलीबॉल, कबड्डी खेल का आयोजन किया गया. मौके पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिनेश महतो, अंतराष्ट्रीय कोच प्रकाश राम, संजय सिद्धार्थ, श्याम महतो, सुषेन प्रमाणिक, मीरा महतो, सावना महली, सहित सभी पंचायत के खेल प्रभारी मौजूद थे.



### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन

**बुंडू ।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा बुधवार को बुंडू के सूर्य मंदिर परिसर में सामुहिक सूर्य नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन मंत्रालय द्वारा रामकृष्ण मिशन मोरहाबादी रांची, पतंजलि और संस्कृति विहार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. जिसमें विद्यालय के एक हजार से ज्यादा छात्र, छात्राओं, के साथ रामकृष्ण मिशन, पतंजलि और संस्कृति विहार के साधु, संत, महंत और आचार्यों ने भाग लिया. कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों ने सामुहिक सूर्य नमस्कार आभ्यास वर्ग में शामिल होकर योगाभ्यास किया. संस्कृति विहार के कार्यक्रम संयोजक प्रमोद कुमार सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया.



### भालू ने हमला कर महिला को किया घायल

**लापुंग ।** लापुंग थाना क्षेत्र के बिरमकेल निवासी 25 वर्षीय नौरी उरांईन को जंगली भालू ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया. वन विभाग के सूत्रों के अनुसार नौरी उराईन गांव के समीप बिसाही गढहा टोंगरी के पास जंगल से लकड़ी लाने गई थी तभी अचानक जंगल से निकलकर जंगली भालू ने नौरी के ऊपर हमला कर दिया. भालू के हमले में घायल महिला ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई.

### रामपुर के जेरया में 16 को टुसू मेला का आयोजन

**नामकुम।** नामकुम के रामपुर जरेया स्थित स्कूल मैदान में 16 जनवरी को भव्य टुसू मेला का आयोजन किया गया है. इस अवसर पर एक दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता सह आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है. उक्त जानकारी कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया महादेव मुण्डा ने जानकारी दी. उन्होंने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम को ढ़ेड लाख, द्वितीय को एक लाख, तृतीय व चतुर्थ विजेता को पचास हजार-पचास हजार राशि प्रदान किया जाएगा.

